an>

Title: Regarding increasing the annual income of BPL Family.

श्रीमती संतोÂा अहलावत (झुंझुनू): अध्यक्ष महोदया, केन्द्रीय सामाजिक और अधिकारिता मंत्री का ध्यान बीपीएल परिवार के अनुदान की आय सीमा की ओर दिलाना चाहती हूं। वर्तमान में केन्द्रीय सहायता में बीपीएल परिवारों की वार्षिक आय शहरी क्षेत्रों में 21,400 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 20,000 रुपये निर्धारित किया गया है। उपरोक्त निर्धारित वार्षिक आय योजना के प्रारंभ से ही चल रही है जो लगभग तीस साल पुरानी है। वर्तमान में इस निर्धारित आय के कारण बीपीएल सूची में पर्याप्त संख्या में लोग लाभान्वित नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण कार्ययोजना के अनुसार लक्ष्यों की पूर्ति होना कठिन हो गया है।

उपरोक्त परिस्थिति को मद्देनजर रखते हुए मेरा सरकार से आग्रह है कि बीपीएल परिवारों को केन्द्रीय सहायता के अंतर्गत लाभन्वित करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वार्षिक आय क्रमशः एक लाख पच्चीस हजार रुपये और एक लाख रुपये की बढोत्तरी करे जिससे अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, राहुल कास्वां और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती संतोÂा अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।